संख्या–cm-358
26/08/2016

मुख्यमंत्री से मिले भारत में जापान के राजदूत श्री केन्जी हीरामत्सू

पटना, 26 अगस्त 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज 1, अण्णे मार्ग स्थित उनके कक्ष में भारत में जापान के राजदूत श्री केन्जी हीरामत्सू ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से भारत में जापान के राजदूत श्री केन्जी हीरामत्सू की यह शिष्टाचार मुलाकात थी। श्री केन्जी हीरामत्सू के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पैट्रिसीया क्लारा हीरामत्सू और जापानी दूतावास के प्रथम सचिव श्री रीयोसकी कामोनो भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने जापानी राजदूत को बिहार में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बिहार की सांस्कृतिक विरासत के संबंध में भी जानकारी दी और कहा कि बिहार में बोधगया, नालन्दा, राजगीर समेत ऐसे बहुत से दर्शनीय स्थल है जिसको उन्हें देखना चाहिये और इसके लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें एक बार फिर बिहार आने का आमंत्रण दिया। जापानी राजदूत ने भी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को जापान आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें 1 अण्णे मार्ग स्थित परिसर में लगाये गये बोधि वृक्ष का भी दर्शन कराया, जहॉ पर मुख्यमंत्री सहित राजदूत, उनकी धर्मपत्नी तथा प्रथम सचिव ने बोधि वृक्ष के समीप पुष्पाजंलि अर्पित की।

जापानी राजदूत की धर्मपत्नी ने बिहार के मधुबनी पेंटिंग की तारीफ की। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने जापानी राजदूत एवं उनकी धर्मपत्नी तथा प्रथम सचिव का स्वागत किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह् एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष वर्मा तथा मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह भी उपस्थित थे।

******